प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि नशामुक्त युवा और नशामुक्त भारत केवल एक औपचारिकता नहीं है क्योंकि बड़ी संख्या में लोग विशेषकर युवा इसका हिस्सा बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और नशे की लत से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए आगे आने वाले लोगों की सराहना की।

पीएम स्वनिधि योजना की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि करीब 46 प्रतिशत महिलाएं पी.एम. स्वनिधि योजना की लाभार्थी हैं।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को पूरे देश के लिए प्रेरणा का एक बड़ा माध्यम बताया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से अलग–अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे प्रतिभाशाली लोगों को पहचान और एक्सपोज़र मिलता है। मन की बात कार्यक्रम में आज नशे की समस्या को लेकर प्रधानमंत्री के संदेश पर जयराम ठाकुर ने कहा कि नशे के इस प्रचलन को रोकना केवल सरकार की जिम्मेवारी नहीं बल्कि हम सभी का दायित्व है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई उपमण्डल की रावला क्यार पंचायत में आज थाना सम्पर्क मार्ग के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया। इस कार्य पर करीब 4 करोड़ रूपए की राशि खर्च होगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में एक सौ 86 नई सड़कों की सफल पासिंग हो चुकी है और ये प्रक्रिया निरंतर जारी है।

अनुराग ठाकुर

सांसद अनुराग ठाकुर ने पंचायत प्रतिनिधियों से गांवों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आहवान किया है। हमीरपुर जिले के भोरंज में आज एक समारोह में उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं भारतीय लोकतंत्र की ऐसी आधारशिला है जहां लोकतंत्र सीधे जनता के द्वार तक पहुंचता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि डिजिटल तकनीक, जन–भागीदारी और पारदर्शिता में पंचायतों के काम–काज को नई दिशा दी है।

## मणिमहेश यात्रा

चम्बा पुलिस ने विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा के सफल संचालन के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। ये यात्रा 4 सितम्बर से 19 सितम्बर के बीच चलेगी। पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने बताया कि लोगों की सुरक्षा व बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती की जाएगी।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में दोपहर बाद से मूसलाधार वर्षा हो रही है। पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हुई व्यापक वर्षा से जनजीवन पर असर पड़ा है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में कुछ स्थानों पर वर्षा की सम्भावना जताई है। कल 31 अगस्त को कांगड़ा, मण्डी और सिरमौर जिलों में वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## खेलकूद

कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी ने आज सोलन जिले में अर्की क्षेत्र के भूमती में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों की खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सहयोग और टीम भावना जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को उचित मंच व अवसर उपलब्ध करवाने की आवश्यकता है।

## सेब उत्पादक संघ

हिमाचल सेब उत्पादक संघ ने राज्य सरकार से किसानों का सेब व अन्य फलों का मण्डी मध्यस्थता योजना का बकाया भुगतान तुरंत करने की मांग की है। संघ के राज्य कमेटी सदस्य संजय चौहान ने कहा कि किसानों द्वारा जरूरी दस्तावेज जमा करवाने के बावजूद भी उनके खातों में बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है।

## शपथ

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता आज शिमला स्थित लोक भवन में प्रदेश उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों और एक अतिरिक्त न्यायाधीश को शपथ दिलाएंगे। चिराग भानु सिंह व भूपेश शर्मा को न्यायाधीश जबकि योगेश जसवाल को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह शाम पांच बजे आयोजित किया जाएगा।

———————————————